तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 जीरामजी एक्ट ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : आशाराम



14 महाशिवरात्रि पर खंडीघाट-चेमल और कर्रामाड़ के मेले में उमड़ेगा जनसैलाब



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय ओपन प्रो कबड्डी स्पर्धा 27 से

**दुर्गुकोंदल।** सुभानी खेड़ेगांव कोण्डे में पहली बार तीन दिवसीय ओपन चैलेंज महिला एवं पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता सीजन 1 का आयोजन 27 फरवरी से 01 मार्च निर्धारित किया गया है। जय सेवा नव युवा समिति सुभानी खेड़ेगांव कोण्डे के पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपए तथा ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5,500 रुपए समिति द्वारा ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2,500 रुपए और महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5,500 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 2,500 रुपए व ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 1,500 रुपए समिति है।

### ग्राम टूराखार में मनाया गया जल अर्पण दिवस



**कांकेर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड कांकेर के ग्राम टूराखार में जल अर्पण दिवस का आयोजन जन सहभागिता के साथ किया गया। ग्रामीणों को नियमित रूप से जल कर का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि भविष्य में जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाते हुए जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारीगण और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### जहर खाना से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 104 निवासी 27 वर्षीय सुजित मंडल पिता सुजैन मंडल ने जहर खाकर जान दे दी। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने 6 फरवरी को जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसका मौत हो गया। युवक ने जहर किस वजह से खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा के मेन रोड जंगल के पास सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम सेरवाही निवासी 22 वर्षीय परदेशी राम गावड़े पिता कगलू राम गावड़े का सड़क दुर्घटना हो गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसका 13 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 योगेंद्र नगर निवासी 30 वर्षीय केशव सिकदार पिता स्व. कुमारेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### कार्रवाई : सुरक्ष बलों की सतर्कता से नक्सलियों के मंसूबे ध्वस्त

# कांकेर-नारायणपुर सीमा के जंगल में डंप आईईडी, बीजीएल बम एवं हथियार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर







कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्रांतर्गत नारायणपुर से लगे सीमावर्ती जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों, विस्फोटकों और नक्सली सामग्री के एक बड़े डंप को बरामद कर उनकी खतरनाक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। यह कार्रवाई न केवल सुरक्षा बलों की सतर्कता का प्रमाण है, बल्कि इससे संभावित बड़ी और जानलेवा घटना भी टल गई।

- डंप विस्फोटकों की छोटेबेठिया थाने में जाँच शुरू
- डीआरजी और बीएसफ की संयुक्त टीम ने बिनागुंडा जंगल से नक्सली सामग्री जब्त की

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्रांतर्गत नारायणपुर से लगे सीमावर्ती जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी और खतरनाक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। घने जंगलों में छिपाकर रखे गए हथियारों, विस्फोटकों और नक्सली सामग्री के विशाल डंप की बरामदगी से न केवल सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता उजागर हुई है, बल्कि इससे किसी संभावित बड़ी और जानलेवा घटना को भी टाल दिया गया। यह कार्रवाई जिले में नक्सल विरोधी अभियानों को मिली एक अहम सफलता मानी जा रही है।

खुफिया विभाग से सटीक सूचना मिलने के बाद बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के मार्गदर्शन में, कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा, बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव के डीआईजी प्रभारी ओमप्रकाश तथा 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के सेनानी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में 13 फरवरी को विशेष अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। इस योजना के तहत डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम को छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर सीमा से लगे ग्राम बीनागुण्डा के आसपास सघन सर्च ऑपरेशन पर रवाना किया गया। सुबह से शुरू हुआ यह अभियान देर शाम तक चलता रहा। घने जंगल, दुर्गम पहाड़ियां और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सुरक्षाबलों ने पूरी सतर्कता के साथ इलाके की तलाशी ली। घंटों की मशक्कत के बाद टीम को संदिग्ध स्थानों पर जमीन में दबाकर और झाड़ियों के भीतर छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में नक्सली डंप मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इसमें हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली अन्य जरूरी वस्तुएं शामिल थीं। पिछले कुछ समय ⏭ शेष पेज 12 पर

#### सुरक्षाबलों की तत्परता से टली बड़ी घटना

अधिकारियों के अनुसार, यदि यह डंप समय रहते नहीं मिलता, तो नक्सली आईईडी और बीजीएल बमों के जरिए सुरक्षा बलों या आम नागरिकों को निशाना बना सकते थे। बरामद विस्फोटकों की मात्रा और प्रकार नक्सलियों की मंशा की गंभीरता को दर्शाते हैं। सुरक्षाबलों की सतर्कता, बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई से इस पूरे खतरे को पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया गया।

#### कानूनी कार्रवाई जारी, जांच तेज

जब्त समस्त सामग्री को थाना छोटेबेठिया लाकर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है और यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि यह डम्प किस नक्सली संगठन या किस दस्ते द्वारा रखा गया था। अधिकारियों का कहना है कि लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के कारण नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है, जिसके चलते वे अपने हथियार और विस्फोटक जंगलों में छिपाकर भागने को मजबूर हो रहे हैं।

## जमीन सुधार, नौकरी व लोन दिलाने का दिया झांसा और लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** ग्रामीणों की मजबूरी और भरोसे का फायदा उठाकर जमीन मरम्मत, नौकरी लगवाने और लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को थाना कोरर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के जरिए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल और ग्रामीणों के जमीन संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार कोरर थाना अंतर्गत भोड़िया निवासी आनंदराम उसेंडी ने 27 जनवरी को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी नोमेश कुंजाम ने उनके और परिवार के अन्य सदस्यों से कुल 24 लाख 37 हजार रूपए लोन दिलाने और नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान आरोपी फरार था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। इसी बीच जानकारी मिलने पर आरोपी ग्राम गोविन्दपुर में गुरुद्वारा के पास मौजूद है। जानकारी मिलते ही थाना कोरर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया और थाना लाकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि ठगी की रकम निजी कार्यों और स्वयं व पत्नी के ⏭ शेष पेज 12 पर



- कोरर पुलिस ने आरोपी से बाइक और जमीन संबंधी दस्तावेज किया बरामद

## इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर की बेटियों का कमाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। इस टीम में भानुप्रतापपुर की बेटियों ने कमाल कर दिखाया है।

- बस्तर यूनिवर्सिटी की महिला खो-खो टीम ने रचा इतिहास

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन आफ इंडियान यूनीवर्सिटीज के के तत्वावधान में उड़ीसा के बालेश्वर में 10 से 13 फरवरी तक हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सात राज्यों के 37 विश्वविद्यालयों की सहभागिता रही, जिससे मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहे। प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए बस्तर विश्वविद्यालय ने सीएसटी यूनिवर्सिटी भिलाई, मां मानिकेश्वरी यूनिवर्सिटी तथा द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्धमान जैसी मजबूत टीमों को पराजित किया। खिलाड़ियों ने अदम्य साहस, बेहतरीन तालमेल और उत्कृष्ट तकनीक का परिचय देते हुए हर मुकाबले में श्रेष्ठता साबित किया। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ विश्वविद्यालय की महिला टीम ने पहली बार ऑल इंडिया इंटर ⏭ शेष पेज 12 पर

## पुलिस रेड में पुराना बस स्टैंड से शातिर सटोरिया गिरफ्तार

**कांकेर।** शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस की सख्ती लगातार रंग ला रही है। जुआ, सट्टा, अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना कांकेर और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सट्टा खिलवाते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार, मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर 13 फरवरी को पुलिस टीम ने पुराना बस स्टैंड इलाके में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सट्टा खिलवाते हुए शांति नगर, कांकेर निवासी 51 वर्षीय ओमप्रकाश साहू को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी एक नग, एक पेन, दो मोबाइल फोन और नगद 1 हजार 500 रुपये बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत जप्त किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम की धारा 6(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार ⏭ शेष पेज 12 पर

## विकास को मिली गति, नेताम ने किया लोकार्पण व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



ग्रामीण विकास की मजबूत नींव और सामाजिक एकता की सशक्त भावना, इन्हीं दो स्तंभों के साथ ग्राम पीढ़ापाल में 14 फरवरी को विकास का उत्सव मनाया गया। विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन ने जहां अधोसंरचना को नई दिशा दी, वहीं सामाजिक समरसता सम्मेलन ने भाईचारे और एकजुटता का संदेश देकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

- विधायक आशाराम नेताम ने पीढ़ापाल के सामाजिक समरसता सम्मेलन में भी हुए शामिल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि निरंतर विकास ही गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की कुंजी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से ग्राम पीढ़ापाल में विकास कार्य निरंतर गति पकड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत है। जब समाज साथ चलता है, तब विकास की राह स्वतः प्रशस्त होती है। विधायक ने ग्राम पीढ़ापाल बाजार चौक में आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन में भी सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक एकता और भाईचारे की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समरस समाज से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने, आपसी सौहार्द बनाए रखने और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता को गांव की प्रगति का आधार बताया। ग्रामीणों ने भी विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में गांव के विकास और सामाजिक एकता के संकल्प को दोहराया। ग्राम पीढ़ापाल में क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक और सशक्त कदम ⏭ शेष पेज 12 पर

### श्रद्धालुओं को शिवतत्त्व की गहराई से अनुभूति से हुआ आध्यात्मिक विकास

# भस्म-रुद्राक्ष विधान, सृष्टि वर्णन व र्धनारीश्वर की कथा श्रवण से सद्भावना व भक्ति का हुआ संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





धार्मिक आस्था, वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत वातावरण में सिविल लाईन में श्री श्री बटुकेश्वर महादेव समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आचार्य पंडित संतोष मिश्रा की कथा ने श्रद्धालुओं को शिवतत्त्व की गहराई से अनुभूति कराई। कथा के प्रारंभिक सत्र में आचार्य जी ने सरल, सुबोध और शास्त्रसम्मत शैली में श्रोताओं को विषय की पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए बताया कि सनातन परंपरा में भस्म, रुद्राक्ष और शिव-शक्ति स्वरूप केवल प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की आध्यात्मिक विधा हैं। उनके ओजस्वी वचनों से कथा स्थल भक्ति, वैराग्य और ज्ञान की त्रिवेणी में डूब गया।

- पं. संतोष मिश्रा की कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कथा के मुख्य प्रसंग में आचार्य पंडित संतोष मिश्रा ने भस्म रुद्राक्ष विधि का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भस्म संसार की नश्वरता का बोध कराती है और अहंकार के क्षय का संदेश देती है, जबकि रुद्राक्ष साधक के मन, बुद्धि और प्राणों को संतुलित कर शिवत्व से जोड़ता है। विधिपूर्वक भस्म-धारण और रुद्राक्ष-जप से साधक में संयम, शांति और आत्मबल का संचार होता है, यह केवल कर्मकांड नहीं, आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। इसके पश्चात सृष्टि वर्णन का प्रसंग आया, जिसमें आचार्य ने बताया कि शिव चेतना से ही सृष्टि का प्राकट्य, संरक्षण और लय संभव है। उन्होंने शिव को आदि-अनंत, कारण-कार्यमय और साक्षी तत्त्व के रूप में प्रतिपादित किया। कथा के इस भाग में श्रोताओं को यह संदेश मिला कि सृष्टि का प्रत्येक कण शिव-शक्ति की अभिव्यक्ति है, और मानव जीवन का लक्ष्य उसी चेतना का अनुभव करना है। कथा का भावनात्मक शिखर अर्धनारीश्वर प्रसंग रहा। आचार्य जी ने कहा कि अर्धनारीश्वर शिव और शक्ति के अभिन्न एकत्व का प्रतीक हैं,जहां पुरुष और प्रकृति, ज्ञान और करुणा, शक्ति और शांति का संतुलन स्थापित होता है। इस कथा के माध्यम से ⏭ शेष पेज 12 पर

## एनीकट लोहा गेट चुराकर बाइक से ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नरहरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एनीकेट के लोहे के गेट की चोरी के मामले में एक आरोपी और एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को चोरी का सामान मोटर सायकल से ले जाते समय घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया लोहे का गेट और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

- नरहरपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, बाइक और गेट जब्त

चोरी का शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम बनसागर निवासी 35 वर्षीय संदीप कुंजाम ने पुलिस को बताया कि 12 फरवरी कि रात लगभग 9 बजे नकटी नदी पर बने डेम के एनीकेट का लोहे का गेट अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। दो व्यक्ति उक्त गेट को मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 6046 में रखकर किशनपुरी से आंखीहर्रा रोड होते हुए नरहरपुर की ओर ले जा रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश शुरू की और संभावित मार्गों पर निगरानी बढ़ाई। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चोरी में शामिल दो व्यक्ति क्षेत्र में देखे गए हैं। तत्पश्चात ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना से धनसिंह के पक्के घर का सपना हुआ साकार

**फरसगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 8 के निवासी धनसिंह हिडको के पक्के मकान सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वर्षों तक अपने परिवार के साथ एक कच्चे मकान में निवास करता था। हर मौसम अपने साथ नई परेशानी लेकर आता था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था, कच्ची दीवारों से नमी रिसती थी और हर साल छत की मरम्मत में मेहनत और पैसा दोनों लगते थे। ऐसे हालात में परिवार की सुरक्षा और बच्चों का भविष्य चिंता का विषय बना रहता था। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी की हमेशा यह इच्छा थी कि हमारा भी एक पक्का घर हो, जहाँ हम सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। लेकिन एक सामान्य किसान के लिए पक्का मकान बनवाना केवल एक सपना ही था। तभी वार्ड में मुनादी और शिविर के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। धनसिंह ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया और सभी प्रक्रियाएँ पूरी कीं। जब स्वीकृति मिली तो उनकी पत्नी की आँखें खुशी से नम हो गईं। धीरे-धीरे निर्माण कार्य शुरू हुआ और कुछ ही समय में उनके सपनों का पक्का घर तैयार हो गया। अब उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह रहा है, जहाँ बारिश और मौसम की मार का भय नहीं है।

धनसिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना कई गरीब परिवारों के पक्का मकान के सपना को पूरा कर रही है।

### 188वीं बटालियन सीआरपीएफ ने पुलवामा शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव।** वर्ष 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले में शहीद 40 जवानों की स्मृति में शनिवार को चिकलपुटी स्थित 188वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा शहीद स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बटालियन कमांडेंट भवेश चौधरी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया। इसके पश्चात शहीदों को सलामी दी गई। नक्सलवाद एवं आतंकवाद मुक्त भारत का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री चौधरी ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में भी सीआरपीएफ के 460 से अधिक अधिकारी एवं जवान देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सदैव इन वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण रखेगा और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों और विद्यार्थियों को बांटी गई उपयोगी सामग्री

## 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने पालेम में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों से विश्वास और सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 188वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा ग्राम पंचायत पालेम जिला सुकमा में 14 फरवरी को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देशानुसार तथा द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पालेम, डोकरीपारा, जगमुण्डा, साडरापाल, मारापारा, कासनपाल एवं छोटे लेखापाल गांवों के ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग एवं लेखन सामग्री, महिलाओं व ग्रामीणों को साड़ी एवं एलईडी बल्ब, वहीं युवाओं को खेलकूद सामग्री जैसे क्रिकेट किट, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट एवं फुटबॉल का वितरण किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी श्री कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के साथ–साथ उनके सामाजिक विकास के लिए भी सदैव तत्पर हैं। उन्होंने युवाओं को बल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, गांव को स्वच्छ रखने तथा नशामुक्त जीवन अपनाने की सलाह दी गई।



**ग्रामीणों ने जताया आभार**

कार्यक्रम में वाहिनी 188 समवाय के अधिकारी, जवान, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई। पालेम पंचायत सरपंच, वरिष्ठ ग्रामीणों तथा शिक्षकों ने इस जनहितकारी पहल के लिए सीआरपीएफ का आभार व्यक्त किया।

## मारकण्डेय मुनि की तपोभूमि में श्रद्धालुओं के लिए भव्य आयोजन आज

**भजन-कीर्तन मानस गान और भंडारे का कार्यक्रम आज**

# केशकाल के प्राचीन शिवधाम में महाशिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/धनोरा

मारकण्डेय मुनि की तपो भूमि गोबरहीन जो केशकाल से 2 किमी बटराली जहाँ से 3 किमी के भीतर वह बड़े शिव लिंग का मंदिर जो कभी मारकंडेय मुनि की तपस्या स्थली रही और किवदन्ति मुनि और भोलेनाथ मे लगी शर्त के अनुसार हीं शिवलिंग का विस्तार हुआ और मुनि राज के दोनों भुजाओं मे बड़ी मुश्किल से प्रयास बाद समाये। तब से अमकंटक के छोटे हाथी से पार होने की भाग्य शाली और नहीं होने पर पाप्तामा की तरह नलवंशी-नागवंशी काल के अतिप्राचीन शिवधामों सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जब आती है तो सभी भक्त भोलेनाथ को अपने बाहों मे भरने की कोशीश करते है।

ब्रह्ममुहूर्त से लेकर सूर्यास्त तक शिवभक्त दर्शन, भजन कीर्तन, मानस गान व भंडारे का आयोजन 15 फरवरी रविवार को रखा गया है। इसी क्रम मे गढ़धनौरा गोबरहीन,के अलावा निराछिंदली नारना, बड़े खौली, बड़े ओड़ागांव, भोंगापाल, पावड़ा, गारका सहित कई स्थानों पर मेले का माहौल रहेगा। केशकाल से लगभग 5 किमी दूर स्थित इस प्राचीन स्थल पर महाशिवरात्रि के दिन विशाल मेला लगता है। 5 वीं-6 वीं शताब्दी के पुरावशेषों के बीच स्थित शिवलिंग को श्रद्धालु चमत्कारी और वरदानी मानते हैं। य

हां प्राचीन मंदिर अवशेष कुल 11 की संख्या मे है। बड़े शिव लिंग दर्शन बाद यादव समाज का कृष्ण मंदिर फिर नाला पर पुल बना और उन 11मंदिर मे से एक मे शिव लिंग तो बड़े मंदिर मे विष्णु जी की कहते है कि विशाल पाषाण प्रतिमा सोने की थी .. चोर ने जब उस मूर्ति को उठा पाने मे असमर्थ हुए तो सोने के हाथ को काट दिये। जिसका प्रमाण आज भी आगे गाँव मे पंचायत भवन मे वह मूर्ति है और 'जोड़ा लिंग' शिव-शक्ति के संयुक्त स्वरूप के रूप में पिपरा बहिगाँव की तरह प्रसिद्ध हैं। बड़े खौली में शिवरात्रि के साथ वार्षिक ग्राम मेला भी लगता है।



# स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**कोयलीबेड़ा।** जनता की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर आप ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त किया। क्षेत्र की जनता लंबे समय से कोयलीबेड़ा अस्पताल में नियमित चिकित्सक की नियुक्ति की मांग कर रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्तमान में पदस्थ महिला डॉक्टर सप्ताह में केवल एक दिन आकर अपनी सेवाएं दे रही हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने मांग किया है कि उक्त महिला डॉक्टर प्रतिदिन उपस्थित होकर नियमित रूप से अपनी सेवाएं दें। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा के नाम से पदस्थ एक अन्य डॉक्टर अंतागढ़ में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हमारी मांग है कि वे या तो तत्काल कोयलीबेड़ा में आकर सेवाएं दें, अन्यथा उनका स्थानांतरण कर उनके स्थान पर नए डॉक्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। क्षेत्र की एसटी, एसी व ओबीसी एव सर्व समाज ने इस मुद्दे को लेकर आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी भी दी है, लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जनता का आरोप है कि सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। आप के अध्यक्ष रामकुमार कोमरा ने कहा है कि शीघ्र ही स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# गांधी विद्या मंदिर स्कूल के 10वीं के छात्रों को दी विदाई



**बासनवाही।** गांधी विद्या मंदिर स्कूल में कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक रूप से किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नवमी के छात्र-छात्राओं ने दसवीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावनात्मक माहौल से सराबोर रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य जेएस नेताम ने कहा कि छात्र जीवन में दसवीं की परीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। इस परीक्षा में प्राप्त सफलता आगे की पढ़ाई और कैरियर निर्माण की दिशा तय करती है। विद्यार्थियों को शेष समय का सदुपयोग करते हुए ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ तैयारी करने की सलाह दी। आत्मविश्वास और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। शिक्षकों ने समय प्रबंधन, पुनरावृत्ति, मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास तथा सकारात्मक सोच बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से तनावमुक्त रहकर एकाग्रचित्त होकर परीक्षा देने कि बात कही। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें नवमी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया। अंत में विद्यालय की ओर से सभी दसवीं के विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## धान की अंतर राशि का भुगतान होली से पूर्व किसानों को सौगात

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए होली त्योहार से पहले एक बड़ी राहत और सौगात सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद प्रदेश सरकार द्वारा धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपएं प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त देने की घोषणा की गई है। इस निर्णय को भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के महामंत्री एवं ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी ने किसानों के लिए ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला प्रदेश के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा तथा त्योहार के समय किसानों के घरों में खुशहाली लाएगा। यह भुगतान राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किया जाएगा। योजना के तहत लगभग 10 हजार करोड़ की राशि किसानों को दी जाएगी, जिससे धान खरीदी के बाद किसानों को उनके समर्थन मूल्य और घोषित दर के अंतर की राशि सीधे मिलेगी। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार लगातार किसान हित में निर्णय ले रही है। किसानों को समय पर भुगतान, समर्थन मूल्य में लाभ और पारदर्शी व्यवस्था के साथ राज्य सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह अन्नदाता के प्रति संवेदनशील है।



# हाईस्कूल हानपतरी में 10 वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में शनिवार को कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्पहार से किया गया। विदाई कार्यक्रम में जूनियर विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं के छात्रों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे वातावरण उल्लासपूर्ण बना रहा। प्राचार्य शिवलाल कोमरे ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास आवश्यक है। विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने तथा अपना नाम रोशन करने के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित करने की प्रेरणा दी।मुख्य अतिथि जोहन गावड़े ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने एवं उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ने की सलाह दी। वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य पर भी फोकस करना चाहिए। व्याख्याता गजेन्द्र शांडिल्य, नवाब खान, शिक्षक दाउराम रावटे, हंसा राम राना, लता ध्रुव सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और सफलता के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

# आमागढ़ में 10वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हर्षोल्लास और भावुकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने दसवीं के अपने वरिष्ठ सहपाठियों का तिलक लगाकर और गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

दसवीं के छात्र हर्ष उइके ने कहा कि इन दो वर्षों में उन्होंने जीवनोपयोगी ज्ञान अर्जित किया है। उन्होंने देशभक्ति गीत कितना सुंदर कितना प्यारा देश हमारा प्रस्तुत कर समा बाँध दिया। रेणुका ने विद्यालय में सीखे गए अनुशासन पर प्रकाश डाला, वहीं अभिनव साहू ने शिक्षकों और सहपाठियों के साथ बिताए सुखद पलों को साझा किया। गौरी सलाम ने सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हेमचंद ने विद्यालय को मंदिर की उपमा देते हुए इसे जीवन निर्माण का पावन स्थल बताया। लिलेश्वरी ने कबीर के दोहों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूनम घुमरा ने कहा कि इन दो वर्षों की शिक्षा उनके जीवन को ऊँचाइयों तक ले जाएगी। धनेश्वरी ने कक्षा पहली से दसवीं तक की शिक्षा को सफलता का मार्ग बताया। पिंटू ने छत्तीसगढ़ी गीत से, ज्योति ने फिल्मी संवादों से, जबकि कंचन और अनिता ने नृत्य से सबका मनोरंजन किया। टिकेश्वर, पायल और लक्ष्मी ने चुटकुलों से सभी को लोटपोट कर दिया। मोनिका ने विभिन्न जानवरों की आवाज निकालकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। संकुल समन्वयक सुरेंद्र उइके ने छात्रों को प्रशासनिक पदों पर आसीन होकर देश सेवा का मार्ग दिखाया।

उन्होंने भी नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को दो हजार रुपये देने की घोषणा की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में साक्षी, मोनिका, अनूपा, प्रतिभा आदि ने बस्तरहीन बाला गीत पर नृत्य कर समा बाँध दिया। दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय को डस्टबिन भेंट किया तथा सभी विद्यार्थियों को फाइल व पेन देकर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका और हर्षप्रिया ने और आभार ज्ञापन कक्षा नवमी के छात्र कपिल गोटा ने किया।

इस अवसर पर रामप्रसाद दुग्गा, शिवचरण निषाद, प्रभुराम दर्रो, संजय नरेटी, सबल दीवान, बृजेश साहू, विनोद साहू, रामनाथ गोटा, ममता रावटे, अनिल वर्मा, आत्माराम तारमे, भुनेश उसेंडी सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### कांकेर-नारायणपुर सीमा...

से कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ दबाव लगातार बढ़ाया गया है। लगातार चल रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और खुफिया सूचनाओं के बेहतर समन्वय का असर अब साफ नजर आने लगा है। इसी दबाव के चलते नक्सलियों की गतिविधियां सीमित हुई हैं और वे अपने ठिकानों को छोड़कर जंगलों में छिपने को मजबूर हैं।

**डंप स्थल से मिली विस्फोटक सामग्री :** संयुक्त टीम ने मौके से 02 बीजीएल लांचर, 02 नग 12 बोर हथियार, 01 एयरगन, 03 डायरेक्शन आईईडी, लगभग 05 किलोग्राम का 01 टिफिन आईईडी, 30 बीजीएल बम, 26 नग 12 बोर राउंड, प्लास्टिक पैकेट में लगभग 02 किलोग्राम बारूद, 01 मल्टी मीटर, 12 पैकेट फटाखे, 02 बंडल बिजली वायर, 02 पाउच और 01 पैकेट स्प्लिन्टर बरामद किए। इसके अलावा नक्सली साहित्य और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी जब्त की गई है।

### जमीन सुधार, नौकरी...

इलाज में खर्च कर दिया। आरोपी के बताए अनुसार ग्राम हात्मा विश्रामपुरी से एक नग बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडी 1695 तथा ग्रामीणों के जमीन संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी नोमेश कुंजाम निवासी ग्राम मालगांव, थाना सरोना, कांकेर के विरुद्ध थाना कोरर और थाना बड़ांजी (जगदलपुर) में दर्ज धोखाधड़ी के दो प्रकरणों के आधार पर विधिवत कार्रवाई करते हुए 14 फरवरी 2026 को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह साहू सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो...

यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया है, जिसकी मेजबानी एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय मुंबई द्वारा की जाएगी। यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व का विषय है। टीम की इस कामयाबी में दल प्रबंधक भानुप्रतापपुर कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास का योगदान रहा। भानुप्रतापपुर कॉलेज से खिलाड़ियो में ज्योति बोगाऔर कमितला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम की जीत में विशेष भूमिका निभाई। यह ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और बस्तर की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

### पुलिस रेड में पुराना...

कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग, निगरानी और आकस्मिक रेड अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, उपनिरीक्षक दयालू राम साहू, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी, रूद्र जुर्री तथा साइबर सेल प्रभारी यशवंत श्याम सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विकास को मिली गति, नेताम...

उठाया गया। विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती देने की पहल की गई। उत्साह और सहभागिता से परिपूर्ण वातावरण ने यह स्पष्ट किया कि गांव के विकास को लेकर जनता में व्यापक विश्वास और उम्मीद है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भस्म-रुद्राक्ष विधान, सृष्टि...

उन्होंने समाज में समरसता, समानता और संतुलित जीवन-दृष्टि का संदेश दिया। कथा के समापन पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर दिखे। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ वातावरण शिवमय हो उठा और सभी ने आचार्य के मार्गदर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया। महाशिवरात्र के अवसर पर 15 फरवरी को रूद्राभिषेक, शिव चरित्र, पार्वती जन्म, श्री शिव पर्वती विवाहोत्सव, हवन-पूजा एवं महाभंडारा का आयोजन रखा गया है।

### एनीकट लोहा गेट...

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम बतबनी निवासी 21 वर्षीय अजीत कुमार कल्लों तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने एनीकेट का लोहे का गेट चोरी कर मोटरसाइकिल से ले जाने की बात स्वीकार किया। आरोपी को 13 फरवरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के साथ सउनि पल्टुराम मंडावी, प्रधान आरक्षक जगदीश नेताम, आरक्षक निलेश निषाद, खेमराज नेताम तथा टिकेश्वर नेताम की सक्रिय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के सुचारू क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में आज जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में ई-ऑफिस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय कार्यों को डिजिटल माध्यम से त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। इस प्रशिक्षण में जिले के नामांकित मास्टर प्रशिक्षक, नोडल अधिकारी एवं प्रत्येक कार्यालय के चिन्हाकित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में ई-ऑफिस प्रणाली, स्पैरो -प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली, ई-मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली तथा आई-गॉट- ऑनलाइन प्रशिक्षण में के उपयोग, लॉग-इन प्रक्रिया, फाइल संचालन, कर्मचारी सेवाओं से जुड़े ऑनलाइन कार्य एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अनुरोध किया गया कि वे कार्यालयीन प्रणाली में डिजिटल शासन व्यवस्था को मजबूती देगें।

### नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला सहारा

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद आत्मसमर्पण, पीड़ित, राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत पुनर्वास कार्ययोजना के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की अनुशंसा पर नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। कार्यालय कलेक्टर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला बीजापुर के पत्र के आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों को चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कुमारी गीता मुड़मा को भृत्य के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। नरेन्द्र कुमार तामड़ी एवं कुरसम नागेश को भृत्य के पद पर तहसील कार्यालय भोपालपटनम में नियुक्ति दी गई है। आशा मोड़यिम को फर्राश के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। समीर गर्ग को प्रोसेस सर्वर के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर तथा विनोद कुरसम को प्रोसेस सर्वर के पद पर तहसील कार्यालय भोपालपटनम में नियुक्त किया गया है। दिनेश कुमार वाचम एवं लेकाम अशोक को चौकीदार के पद पर जिला कार्यालय बीजापुर में तथा कोवासी लक्ष्मण को चौकीदार के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। यह

### भोपालपटनम में गूंजा स्वस्थ पंचायत का संकल्प

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड भोपालपटनम में विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का भव्य एवं सुनियोजित आयोजन जनपद पंचायत भोपालपटनम के सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड अंतर्गत ग्रामों की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य और पोषण विषयक जनजागरूकता रैली से हुई, जिसमें बैनरों और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया। रैली के पश्चात आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय मितानीन दीदियों तथा मोबाइल एकेडमी के अंतर्गत अपना कोर्स पूर्ण करने वाली मितानीनों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दौरान विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं और समाधान हेतु ज्ञापन सौंपे। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल लगभग 145 आवेदन प्राप्त हुए ।

# भगवान लिंगेश्वर महादेव के नवीन देव विग्रहों की शोभा और कलश यात्रा से आलोकित हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

सायं 4 बजे श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान शिव परिवार की नवीन देव विग्रहों का शोभायात्रा और मंगल कलश यात्रा ने नगर के कोने-

■ लौहनगरी किरंदुल में आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम पर्व मनाया गया

कोने में आस्था, ऊर्जा और उत्साह की नई चेतना का संचार कर दिया। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं, बल्कि सनातन संस्कारों की जीवंत अभिव्यक्ति था। पारंपरिक परिधान में सुसज्जित मातृशक्ति जब सुव्यवस्थित पंक्तियों में मंगल कलश धारण कर आगे बढ़ी, तो पूरा वातावरण भक्ति की मधुर लय से गूंज उठा। केसरिया और लाल चुनरियों की छटा, दीप्यमान मुखमंडल और अनुशासित कदमों ने दृश्य को दिव्यता से परिपूर्ण कर दिया।

धर्मध्वज लिए श्रद्धालु, ढोल-नगाड़ों की थाप, शंखध्वनि और जयघोष के साथ यात्रा को ऊर्जा प्रदान कर रहे थे। जय श्रीराम और हर-हर महादेव हर हर गंगे के उद्घोष से नगर की फिजा आध्यात्मिक स्पंदन से भर उठी। कालोनी के अधिकतर मार्ग के दोनों ओर नगर के धार्मिक , सामाजिक, प्रादेशिक, सांस्कृतिक, एवं सेवाभावी



संगठनों, समितियों, संस्थाओं के मुखिया, भाईयों, बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान की रथ पर विराजमान भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान नंदी की विशेष पूजा अर्चना, श्रीफल चढ़ाते हुए पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया, जिससे यह क्षण और भी अलौकिक प्रतीत हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शोभायात्रा मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं अष्ट शिव परिवार का विधिपूर्वक पूजन संपन्न हुआ। उस समय उपस्थित जनसमूह के चेहरों पर श्रद्धा की चमक और हृदय में आत्मिक शांति का भाव स्पष्ट झलक रहा था।

### आयोजन समिति का आभार

समिति ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त नगरवासियों, मातृशक्ति, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रादेशिक, सेवाभावी, संगठनों संस्थाओं समितियों, एनएमडीसी प्रबंधन, नगरपालिका , पुलिस प्रशासन,पत्रकार, व्यापारी, आदि सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उनके सहयोग, अनुशासन और समर्पण ने इस आयोजन को ऐतिहासिक गरिमा प्रदान की। निश्चित ही यह भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान शिव परिवार की नवीन देव विग्रहों का शोभायात्रा और भव्य मंगल कलश यात्रा आने वाले समय में भी किरंदुल की सामूहिक स्मृतियों में श्रद्धा और गौरव के प्रतीक के रूप में जीवित रहेगी। एक ऐसा आध्यात्मिक पर्व जिसने नगर की पहचान को नई आभा से आलोकित कर दिया।

## ग्रामीणों के सहयोग से पहुंच मार्गों की कराई जा रही मरम्मत

# तुलार गुफा में महाशिवरात्रि पर जाग उठता है तुलार बाबा का दरबार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक तुलार गुफा, जिसे तुलार धाम के नाम से जाना जाता है, इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह गुफा तीन जिलों की सरहद पर स्थित है और वर्षों पुरानी ऐतिहासिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है।

तुलार धाम में भगवान भोलेनाथ का प्राचीन शिवलिंग स्थापित है।

■ तुलार बाबा की यह यात्रा किसी भी मायने में अमरनाथ यात्रा से कम नहीं मानी जाती

इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वर्ष के बारहों महीने चट्टानों से पानी रिसकर सीधे शिवलिंग पर गिरता रहता है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि स्वयं प्रकृति भगवान भोलेनाथ का 12 महीने जलाभिषेक करती है। यहां साल में केवल एक बार, महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिलता है। इस दौरान विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज के गांवों और जिलों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। आपको बता



दे कि तुलार गुफा बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदीय क्षेत्र सातधार से लगा हुआ है जो बीजापुर क्षेत्र में आता है। तुलार बाबा की यह यात्रा किसी भी मायने में अमरनाथ यात्रा से कम नहीं मानी जाती। श्रद्धालु कठिन रास्तों से पैदल और बाइक यात्रा कर यहां पहुंचते हैं। घने जंगलों, नदी-नालों और पहाड़ी रास्तों को पार कर भक्त बाबा के दरबार में पहुंचते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आस्था का अद्भुत संगम तुलार धाम को विशेष पहचान देता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां का वातावरण पूरी तरह भक्ति और उत्साह से भर उठता है।

बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा महाशिवरात्रि में तुलार गुफा अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक गुफा है, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। रास्ताः बारसूर के पास 'सातधार' नामक स्थान से इस गुफा तक पहुँचने का मार्ग है। वहां से बोधघाट गाँव होते हुए लगभग 15 किमी अंदर जाना पड़ता है। वर्तमान में पक्की सड़क न होने के कारण यहाँ का अधिकांश सफर पैदल तय करना होता है। इंद्रावती नदी और गुदरा नाला का संगम इस मार्ग को और भी मनोरम बनाता है। शिवरात्रि का अवसर शिवरात्रि पर यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं।

इस वर्ष क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों के कम होने से और भी अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कई सड़कें स्वीकृत हैं, जिनका काम शुरू हो चुका है। कई गांवों में अभी बिजली नहीं पहुंची है, जिसके लिए सर्वे हो चुका है और राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल जीवन मिशन के तहत पानी की सुविधा उपलब्ध कराने का काम भी तेज़ी से किया जाएगा। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और पुलों पर कलाकृतियों के माध्यम से इस स्थल को प्रमोट किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से पहुंच मार्गों की मरम्मत भी कराई जा रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया बहनों ने आरती सजाकर अपने माता-पिता की चरण वंदना की तथा चंदन, कुमकुम, अक्षत पुष्प माला पहनकर आरती की व मिष्ठान खिला कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित अभिभावकों ने कहा यह परंपरा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में ही देखने को मिलता है।

आचार्य दीदियों ने बच्चों को माता-पिता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है हरि अनंत हरि कथा अनंता यदि समुद्र को स्याही बना लें और धरती को कागज बना लें तो भी माता-पिता और गुरु का वर्णन नहीं लिखा जा सकता भैया बहनों ने अपने आचार्यो दीदीयों का तिलक वंदन आरती कर आशीर्वाद लिए माता-पिता और गुरु की आरती करने के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजना के तहत स्वावलंबन भारत विषय पर राहुल मांझी दंतेवाड़ा जिला प्रभारी द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के गुण सिखाए गए। उन्होंने कहा कि हमारा पढ़ने का उद्देश्य नौकरी करना नहीं होना चाहिए। जिस क्षेत्र में हमारी रुचि है उसके अनुसार स्वरोजगार करके स्वावलंबन की भावना को मजबूत करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना चाहिए।

हम अपने देश में उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करेंगे तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ठीक उसी तरह हम स्वयं अपने घर को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आधुनिक ढंग से कृषि करना, लघु एवं कुटीर उद्योग का परिवार के माध्यम से संचालन करना और लोगों को रोजगार देना चाहिए।

# 14 फरवरी जवानों के शौर्य और बलिदान का प्रतीक : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों ने आज पुलवामा शहीद स्मृति दिवस मनाया।

इस अवसर पर कमांडेंट हरविन्दर सिंह ने शहीद जवानों को

■ जवानों ने पुलवामा में शहीदों को किया याद

स्मरण करते हुए बताया कि यह दिन जवानों के शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आज के दिन ही 2019 में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जांबाज साथियों ने भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। सीआरपीएफ का इतिहास गौरवशाली रहा है और पुलवामा की इस घटना ने देश की सुरक्षा के प्रति संकल्प को और भी



मजबूत किया है। बटालियन के अधिकारी एवं जवान उन वीर आत्माओं के प्रति सम्मान में अपनी संवेदना व्यक्त की तथा उनके अदम्य साहस एवं बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करने के साथ ही उन परिवारों को भी इस अवसर पर सलाम करता है। जिन्होंने अपने कलेजे के टुकड़े को इस देश के नाम पर कर दिया। इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया गया कि हम सभी देश की सुरक्षा के प्रति पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेगें। शहीदों का यह बलिदान सदैव जवानों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, विनोद कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि में गूंजेगा ॐ नमः शिवाय शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर सहित बस्तर अंचल में कल महाशिवरात्रि का महापर्व गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। रविवार को सुबह से ही सभी शिवालयों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी और हर-हर महादेव व ॐ नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। विशेष रूप से शहर के प्राचीन महादेव घाट स्थित महादेव मंदिर में हजारों भक्त भगवान भोलेनाथ का जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक करेंगे।

इसके अलावा सीताराम शिवालय, झाड़ेश्वर महादेव मंदिर, लालबाग शिव मंदिर, कलचा रामपाल मंदिर, कुम्हारपारा ओंकारेश्वर मंदिर, खमारगांव शिव



मंदिर, चपका महादेव मंदिर, बस्तर नगर पंचायत का 11वीं सदी का शिव मंदिर, चित्रकोट महादेव मंदिर, हाट कचोरा पुल के समीप स्वयंभू महादेव तथा देवड़ा झाड़ेश्वर मंदिर सहित सीमावर्ती प्रसिद्ध गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना चलेगी। श्रद्धालु धतूरा, बेलपत्र, दूध, दही, घी, शक्कर और गुड़ से पंचामृत अभिषेक कर परिवार, क्षेत्र और देश की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। महाशिवरात्रि पर भक्त उपवास रखकर दिनभर भगवान शिव की आराधना करेंगे तथा शाम से रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और ध्यान में लीन रहेंगे। पूरे बस्तर में मंदिरों की सजावट, दीप सज्जा और रुद्राभिषेक के आयोजन से धार्मिक वातावरण चरम पर रहेगा।

### लक्ष्मीनारायण मंदिर में 108 पार्थिवलिंग अभिषेक

शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के पूर्व दिशा में स्थित स्वयंभू भूतेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 108 पार्थिवलिंग अभिषेक आयोजित होगा, जिसमें नगर सहित अन्य जिलों व प्रांतों से आए श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे।

# 11 साल सेवा, 3 माह से वेतन बंद क्रेडा कर्मियों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अंतर्गत कलेक्टर दर पर कार्यरत क्लस्टर टेक्नीशियनों ने बीजापुर में श्रम विभाग को सामूहिक शिकायत सौंपते हुए तीन माह से वेतन नहीं मिलने का गंभीर आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले लगभग 11 वर्षों से जिले में सोलर सिस्टमों का संचालन-संरक्षण पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं,लेकिन बीते कुछ वर्षों से उन्हें नियमित भुगतान के बजाय 2-3 माह में आंशिक राशि दी जाती है और बाद में नए नियम लागू कर कटौती का दबाव बनाया जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद नियम बदलना और भुगतान रोकना उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। शिकायत में कहा गया है कि जिले में कई सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद पड़े हैं जिसकी जानकारी बार-बार दी गई,लेकिन सामग्री और तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बावजूद कार्य



बाधित होने का आरोप कर्मचारियों पर लगाकर वेतन काटने की चेतावनी दी जाती है।

अन्य जिलों में बिना कटौती भुगतान होने का उदाहरण देते हुए कर्मचारियों ने समान व्यवहार की मांग की है तथा लंबित वेतन तत्काल जारी करने की गुहार लगाई है। इस पूरे मामले में जब हम क्रेडा के डीआइ संदीप बंजारे के मोबाइल से सम्पर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया तो उनके द्वारा कोई रेस्पॉन्स नही मिलने से विभाग का पक्ष नही मिल पाया।

कर्मचारियों ने अपने आवेदन में क्रमबद्ध रूप से उल्लेख किया कि वे लगातार तीन माह से बिना भुगतान कार्य कर रहे हैं, नवंबर-दिसंबर का वेतन रोका गया है,बाद में फोटो-रिपोर्ट जैसे नए नियम लागू कर कटौती का दबाव बनाया जा रहा है,जबकि ऐसे नियम पूर्व में न बताए गए और अन्य जिलों में लागू भी नहीं हैं।

उन्होंने मांग रखी कि लंबित वेतन पूर्ण रूप से बिना कटौती दिया जाए, भविष्य में नियमित मासिक भुगतान सुनिश्चित हो, नए अनुबंध में 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि लागू की जाए तथा अनावश्यक दबाव और प्रताड़ना पर विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाए।

# स्वस्थ जीवन शैली के लिए ग्रामीणों को दिया गया परामर्श


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा ब्लॉक के अनेक वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रही सीआरपीएफ 50वीं वाहिनी ने आज चिकित्सा शिविर व सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की। इस कार्यक्रम का लाभ वनांचल क्षेत्र के गांव एलारमडगू, मोसलमडगू एवं बोदराजपदर के ग्रामीणों ने लिया। सीआरपीएफ महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर केरिपुबल एवमं राजेश पाण्डेय उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा के दिशानिर्देशन तथा कमांडेंट प्रेमजीत कुमार के मार्गदर्शन में ई 50वीं वाहिनी ने गरीब आदिवासी ग्रामीणों




को साड़ी, छाता, सोलर लाईट, कम्बल, खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलिवॉल, वॉलिबॉल नेट, फुटवॉल, घरेलु उपयोग की आवश्यक वस्तुएं मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी तथा स्वच्छता संबंधी उपकरणों का वितरण किया।

वहीं ग्रामीणों का चिकित्सकीय परीक्षण डॉ. नितेश कुमार चिकित्सा अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा किया गया और सर्दी-जुकाम, बुखार, त्वचा संबंधी रोग, जोडों के दर्द सहित अन्य समान्य बीमारियों का उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयो का वितरण किया गया। साथ ही डॉ. नितेश कुमार चिकित्सा अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी आवश्यक परामर्श भी ग्रामीणों को दी। इस सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर से एलारमडगू, मोसलमडगू एवं बोदराजपदर क्षेत्र के लगभग 300 नागरिक लाभान्वित हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के अधीनस्थ द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन नीरज कुमार एवं सुरेश कुमार सहायक कमांडेंट एवं जवानों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर लाभ लिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## विकसित भारत गारंटी, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण पर हुई कार्यशाला

# जीरामजी एक्ट ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत भीरावाही में कार्यशाला एवं जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों को इस नये अधिनियम विकसित भारत गारंटी, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी के प्रमुख प्रावधानों, अधिकारों और योजनाओं के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यशाला में बताया गया कि जीरामजी (गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन) के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को एक वर्ष में 125 दिनों की रोजगार गारंटी दी जाएगी। यह प्रावधान ग्रामीण मजदूरों के लिए न्यूनतम आय सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, जिससे बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक अस्थिरता जैसी समस्याओं में कमी आएगी। योजना के तहत स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया है। कार्यक्रम में डिजिटल पारदर्शिता को भी एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण अब अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर कार्यों की प्रगति, भुगतान स्थिति और योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि ग्रामीणों का शासन व्यवस्था पर विश्वास भी और अधिक मजबूत होगा। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित :** छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोल, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारूणी ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### मील का पत्थर साबित होगा

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे। यह कानून केवल रोजगार की गारंटी नहीं देता, बल्कि ग्रामीणों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है। सरकार की मंशा है कि कोई भी श्रमिक काम की तलाश में अपने गांव से बाहर जाने को मजबूर न हो।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराएं और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।

## मातृ-पितृ दिवस पर अस्पताल में मरीजों को किया फल वितरित



**नरहरपुर**। मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में एक गरिमामय एवं मानवीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकलव्य कन्या आवासीय विद्यालय नरहरपुर की प्राचार्य टिकेश्वरी कश्यप द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों, विशेषकर बुजुर्गजनों के बीच फल वितरित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आदर, सेवा और कृतज्ञता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने वार्डों में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना, उनसे आत्मीय बातचीत की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्थान जीवन में सर्वोपरि है। उनके त्याग, तपस्या और मार्गदर्शन की बदौलत ही हम आगे बढ़ पाते हैं। ऐसे दिवस हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाते हैं और सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र ध्रुव एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मरीजों के बीच इस प्रकार का स्नेहपूर्ण व्यवहार उनके मनोबल को बढ़ाता है और उपचार में सकारात्मक प्रभाव डालता है। समाजसेवी देवानंद साहू ने भी इस पहल को मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा अनुकरणीय कार्य बताया। कार्यक्रम में शिक्षकगण पंकज त्रिपाठी, रामपाल सारस्वत, अमन तिवारी नगर के कोटवार राम भरोस कुलदीप सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महेंद्रपुर आंबा केंद्र में मनाया वजन त्योहार

**दुर्गुकोंदल**। महेंद्रपुर आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चों और माताओं की वजन नापी गई। ग्राम पंचायत राउरवाही के सरपंच बलराम टेपरिया ने बच्चों का वजन मापन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का नियमित वजन मापन कुपोषण से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने कहा। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकता बिंदा सलाम, मीना उयके, शशि उयके, नर्मिला सलाम, महेश्वरी उयके, कौशिया उयके आदि उपस्थित रहे।

### खाद्य प्रसंस्करण का मिला किसानों को प्रशिक्षण

**कांकेर**। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण तथा गो हार्वेस्ट के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि उत्पाद एवं खाद्य निर्यात विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीरबल साहू ने जिले में खाद्य प्रसंस्करण की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। एपिडा के अशोक कुमार बोरा ने एपिडा की भूमिका पर जानकारी दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने कृषि और खाद्य उद्योग के प्रसंस्करण तकनीक, मूल्यसंवर्धन और विपणन नीति पर विस्तृत जानकारी दिया। गो हार्वेस्ट एफपीओ के डायरेक्टर छबीलाल नाग, अर्चना सिन्हा सहित ग्राम पुसवाड़ा, अंजनी, पटोली, दसपुर, गोवर्धन एवं गढ़पिछवाड़ी ग्राम के 60 कृषक उपस्थित हुए।

### चिचगांव वार्षिक देव मेला 17-18 को, तैयारियां तेज

**भानुप्रतापपुर**। विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम चिचगांव में दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को किया जाएगा। इस पारंपरिक मेले में आसपास के ग्राम दाबकट्टा, जलीनकसा, रानिडोंगरी, पीचेकट्टा, मरदेल एवं रानवाही से देवी-देवताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे।मेले के दौरान रात्रि में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें "महतारी के आंसू" तथा ग्राम संसार गढ़, अंबागढ़ चौकी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सरपंच शशि उयके ने बताया कि मेले के सफल आयोजन को लेकर गायता, पटेल एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा तय की गई है। बाहर से आने वाले व्यापारियों की सुविधा के लिए स्थान, प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी व्यापारी को असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि मेले के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को भी सहयोग हेतु सूचित किया जाएगा। मेले की तैयारियों में दशरथ पटेल, बिहारी निषाद, ईश्वर चक्रधारी, छबिलाल पटेल, कृष्णा चक्रधारी, श्यामलाल दरपट्टी एवं गणेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## बेहतर प्रदर्शन पर 10वीं-12वीं के छात्रों को मिलेगा विशेष सम्मान



**दुर्गुकोंदल**। पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में शुक्रवार को 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भावनात्मक और प्रेरणादायी वातावरण देखने को मिला।

- कलेक्टर व सीईओ ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

आयोजित कार्यक्रम के बीच में ही अकस्मात जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, समग्र शिक्षा डीएमसी नवनीत पटेल, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का आगमन हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अधिकारियों का स्वागत-सम्मान किया गया। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षार्थियों को उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य बड़ा रखें और निरंतर अभ्यास करें। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घोषणा की गई है कि यदि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी राज्य प्रावीण्य सूची मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हैं तो उन्हें स्कूटी प्रदान की जाएगी तथा भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई का हवाई सफर कराया जाएगा। समग्र शिक्षा डीएमसी नवनीत पटेल ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, रिवीजन और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यालय स्तर पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को 10-15 के समूह में शिक्षकों द्वारा गोद लिया गया है, ताकि नियमित मार्गदर्शन और निगरानी से बेहतर परिणाम सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हैं, तो उन्हें विशाखापट्टनम एक्सपोजर विजिट पर ले जाया जाएगा।

इस अवसर पर रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, विकास राजू नायक, तूका पटेल, मनोज बघेल, धनराज टाडिया, सुदेश तोप्पा, गौतम कोटींगला, जयसिंह महावीर, महत्तम दुग्गा, लोकेश भोयर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष अशोक जैन, दिलीप सेवता, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा दुष्कर्म, आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार



**कांकेर**। अंतागढ़ क्षेत्र में महिला अपराध के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अंतागढ़ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के बाद फरार आरोपी को दीगर राज्य कर्नाटक से गिरफ्तार कर अंतागढ़ लाया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना अंतागढ़ में अपराध क्रमांक 59/2025 धारा 69 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी सौरभ नुरेटी द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए गए और बाद में विवाह से इंकार कर मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक निखिल आशोक राखेचा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। सायबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर शिरा कर्नाटक से उसे धरदबोचा गया। आरोपी को अंतागढ़ लाकर पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर 14 फरवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक रमेश जायसवाल, उप निरीक्षक हेमलता परिहार सहित थाना स्टाफ एवं सायबर सेल कांकेर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महाशिवरात्रि पर खंडीघाट-चेमल और कर्रामाड़ के मेले में उमड़ेगा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में दुर्गुकोंदल अंचल के धार्मिक स्थलों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने की संभावना है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों खंडीघाट-चेमल एवं कर्रामाड़ में भव्य मेलों का आयोजन किया गया है, वहीं दुर्गुकोंदल का एकमात्र शिवमंदिर भक्तों के जयकारों से गूंज उठेगा।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खंडीघाट-चेमल में इस अवसर पर विशेष मेला सजाया गया है। यहाँ की पहाड़ियाँ, हरियाली और बहती जलधारा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और प्रकृति दर्शन का अद्भुत संगम बन जाती हैं। महाशिवरात्रि के दिन घाट के मनोरम दृश्यों के बीच दुकानें सजती हैं, जहाँ खिलौने, मिठाइयाँ, पूजा सामग्री, फूल-पत्ते एवं अन्य घरेलू वस्तुएँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहती हैं। आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर शिव भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं और घाट की सुंदरता का आनंद भी लेते हैं। वहीं कर्रामाड़ में लगने वाला महाशिवरात्रि मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। यहां सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। मेले में झूले, चाट-पकवान, कपड़े, बर्तन, पूजा सामग्री सहित विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगते हैं, जहाँ श्रद्धालु जमकर खरीदारी करते हैं। रात्रिकालीन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य एवं लोकगीत मेले के उत्साह को और अधिक बढ़ा देते हैं। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक भाईचारे और आपसी मिलन का भी पावन अवसर बनता है। दुर्गुकोंदल में स्थित क्षेत्र के एकमात्र प्राचीन शिवमंदिर में महाशिवरात्रि के दिन सुबह से ही हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। श्रद्धालु पंचामृत अभिषेक, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भोग-प्रसादी वितरण की तैयारी भी की गई है।

## बासनवाही विद्यालय में समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को दी विदाई



**बासनवाही**। विकासखंड नरहरपुर स्थित शासकीय उमावि बासनवाही में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान, कला एवं कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। बारहवीं के छात्र-छात्राओं का बैंड-बाजे के साथ स्वागत कर उन्हें समारोह स्थल तक लाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पालक समिति के अध्यक्ष भुवन भारती, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य संदीप द्विवेदी, लोकनाथ साहू, पुनीत दास वैष्णव, भारतमाला परियोजना के सुपरवाइजर राजू गोयल तथा संस्था के प्राचार्य डीके भास्कर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं वरिष्ठ विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कुर्सी दौड़, ट्रुथ एंड डेयर, गिलास पकड़ो, एकल अभिनय, नृत्य एवं अन्य मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसका सभी ने आनंद उठाया। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न स्वरूप डॉक्यूमेंट फाइल, कॉपी एवं पेन प्रदान किए गए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट स्टूडेंट का सम्मान भी किया गया। विज्ञान संकाय से संजीवनी शोरी, कला संकाय से खुशबू कश्यप, कॉमर्स संकाय से मधु नेताम को मिस फेयरवेल तथा वीरेंद्र कुमार साहू को मिस्टर फेयरवेल का पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। पालक समिति के अध्यक्ष भुवन भारती द्वारा कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ के लिए न्योता भोज की व्यवस्था की गई, जिसमें खीर, पूरी, सब्जी, दाल-चावल परोसे गए। सभी ने भोजन की सराहना की। संदीप द्विवेदी ने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा कर अनुशासन और परिश्रम का महत्व बताया। प्राचार्य ने बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी कर उच्च अंक अर्जित करने तथा टॉप-टेन सूची में स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रधान अध्यापक टीएल साहू ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन होमनिका एवं जागृति ने किया एवं समारोह को सफल बनाने में 11 वीं के विद्यार्थियों की विशेष भूमिका रही।

## पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि और पैराडाइज स्कूल में मनाया मातृ-पितृ दिवस

**कांकेर**। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में मिडिल एवं प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के द्वारा पुलवामा में शहीद हुए भारतीय अमर शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के बच्चों ने लेख एवं विभिन्न चित्रों, गीतों के माध्यम से वीर शहीदों की वीरता को प्रदर्शित करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षक उज्जवल निर्मलकर द्वारा अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, उनका साहस, त्याग और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसी तरह शिक्षक सलेम राम ने भी वीर शहीदों के वीरता पर अपने भाव प्रकट किये। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल मे मातृ-पितृ दिवस का आयोजन कर बच्चों के माता-पिता को विद्यालय में आमंत्रित किया गया, बच्चों द्वारा माता-पिता का आदर पूर्वक चंदन वंदन करते हुये उन्हे तिलक लगाकर, चरण स्पर्श करते हुये उनकी आरती उतारकर सम्मान एवं कृतज्ञता प्रदान किया गया।




online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर